वित्तीय सहायता:
क्राइस्टचर्च मस्ज़िद हमला

3 जून 2019 से, हम मस्ज़िद हमले से प्रभावित अधिकाधिक लोगों को वित्तीय मदद उपलब्ध करा रहे हैं।

यदि आप स्वयं और अपने परिवार के लिए आवश्यक चीज़ों के लिए भुगतान के लिए पर्याप्त आमदनी नहीं कमा सकते हैं, और आप हमले से प्रभावित हैं, तो यहां बताया गया है कि हम किस तरह मदद कर सकते हैं।

मेरे पास क्राइस्टचर्च रिस्पांस वीज़ा है

यदि आपके पास क्राइस्टचर्च रिस्पांस वीज़ा है, तो आप एक मुख्य लाभ और अन्य वित्तीय सहायता के लिए पात्र हो सकते हैं। आपका दो वर्षों से न्यू ज़ीलैंड का निवासी होना अनिवार्य नहीं है।

इसमें वे लोग शामिल हैं जो स्थायी निवासी हैं जो न्यू ज़ीलैंड में दो वर्ष से कम समय से हैं और क्राइस्टचर्च रिस्पांस वीज़ा के लिए पात्र हो सकते हैं।

मैं क्राइस्टचर्च रिस्पांस वीज़ा के लिए पात्र हूं

यदि आप क्राइस्टचर्च रिस्पांस वीज़ा के लिए पात्र हैं, तो हम आपको सामाजिक विकास मंत्रालय (MSD) से नई क्राइस्टचर्च भुगतान कर सकते हैं।

विवरणों के लिए पीछे देखें।

मैं क्राइस्टचर्च रिस्पांस वीज़ा के लिए पात्र नहीं हूं

यदि:

- आप यहां अस्थायी वीज़ा पर हैं, **और**
- आप किसी ऐसे व्यक्ति के निकट संबंधी हैं जो मस्ज़िद हमले के दौरान उपस्थित था, या उसके परिणामस्वरूप घायल हुआ या मारा गया।

आप सामाजिक विकास मंत्रालय (MSD) से नए क्राइस्टचर्च भुगतान हेतु पात्र हो सकते हैं। 'निकट संबंधी' से हमारा आशय है कि आप उनके जीवनसाथी, अभिभावक, या वयस्क (अनाश्रित) भाई-बहन या बच्चे हों।

विवरणों के लिए पीछे देखें।

मैं मस्ज़िद या क्राइस्टचर्च मुस्लिम समुदाय से संबंधित हूं और हमले के कारण मैं आघात का अनुभव कर रहा हूं।

यदि:

- आप दोनों मस्ज़िदों, या क्राइस्टचर्च मुस्लिम समुदाय के भाग या उनसे संबंधित हैं, **और**
- आप 15 मार्च 2019 को न्यू ज़ीलैंड में थे, **और**
- हमले के कारण आप आघात का अनुभव कर रहे हैं,

तो आप सामाजिक विकास मंत्रालय (MSD) से नए क्राइस्टचर्च भुगतान के लिए पात्र हो सकते हैं। आपको अपने चिकित्सक या सलाहकार से चिकित्सा पुष्टि की आवश्यकता है। हो सकता है कि इसके लिए भुगतान करने में हम आपकी मदद कर पाएं, इसलिए इस बारे में कृपया हमसे बात करें।

विवरणों के लिए पीछे देखें।

कुछ वित्तीय सहायता के लिए, हम आपको मिल सकने वाली राशि निर्धारित करते समय आपकी संपत्तियों और आमदनी पर विचार करेंगे।

मस्ज़िद हमले से प्रभावित लोगों के लिए नया भुगतान

हमने MSD (एम.एस.डी अर्थात सामाजिक विकास मंत्रालय) के माध्यम से उन लोगों के लिए एक नया साप्ताहिक भुगतान शुरू किया है जो मस्जिद हमले से प्रभावित हैं और किसी अन्य भुगतान के लिए योग्य नही हैं। क्राइस्टचर्च मस्जिद हमले का भुगतान **3 जून** से उपलब्ध है। भुगतान एक वर्ष तक किए जा सकते हैं।

मुझे कितना मिल सकता है?

आपको कितना भुगतान मिल सकता है यह आपके हालात और क्या आपको कोई और आय मिलती है इस पर निर्भर करेगा। प्रत्येक सप्ताह आपको प्रायः समान धनराशि मिलेगी, लेकिन आपकी स्थिति में बदलाव होने पर यह समय-समय पर बदल सकती है। आपकी स्थिति के लिए हम जो सहायता उपलब्ध करा सकते हैं, वह सारी आपको मिलना सुनिश्चित करने के लिए हम आपसे संपर्क में रहेंगे।

आपने मस्ज़िद हमले से प्रभावित लोगों के लिए दान वितरित करने वाले संगठनों के माध्यम से भुगतान प्राप्त किए हो सकते हैं-आपको दी जा सकने वाली सहायता निर्धारित करते समय हम इसे आमदनी या नकद संपत्तियों की तरह विचार में नहीं लेंगे।

मैं कैसे आवेदन करूं?

यदि आपका कोई केस मैनेजर है, तो आप या आपके परिवार को मिल सकने वाली सहायता के बारे में उनसे बात करें।

यदि आपका कोई केस मैनेजर नहीं है, तो कृपया **0800 559 009** पर कॉल करें।

यदि आप अपनी पात्रता को लेकर निश्चित नहीं हैं, तो कृपया हमें कॉल करें ताकि हम इस बारे में आपको बता सकें। चाहे आप ऐसा न कर सकें, लेकिन हम आपकी मदद कर सकने के अन्य तरीकों पर विचार करेंगे।

हम आपसे आपकी भाषा में बात करने के लिए किसी व्यक्ति की व्यवस्था कर सकते हैं। जब आप कॉल करें तो हमें यह बता दें।

यदि आप या आपके परिवार को केस मैनेजर की सहायता चाहिए तो कृपया 03 961 9257 पर कॉल करें या support@msd.govt.nz पर ईमेल करें।